छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

पत्रांक : सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.इ. / 1864 / 2021 दिनांक 22 / 09 / 2021

कार्यालय–ज्ञाप

दिनांक 21 सितम्बर, 2021 को आयोजित परीक्षा समिति की बैठक के मद सं0–2021.05.11 में सत्र 2020–21 में पैरामेडिकल / एम0बी0बी0एस0 / बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 के ऐसे छात्र जिनका स्क्रूटिनी / चुनौती मूल्यांकन / पूरक परीक्षा का परिणााम घोषित नही हुआ है, उन्हें आगामी परीक्षा में अस्थाई तौर पर प्रतिभाग करने पर सम्यकतः विचार किया गया। समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि केवल सत्र 2020–21 में ऐसे छात्र / छात्राओं के सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने पर कि उक्त छात्र / छात्राओं के अगले मुख्य व्यवसायिक परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने हेतु छात्र / छात्राओं का उनके पाठ्यक्रम के नियत्रंक परिषद के विनियम के अनुसार कक्षाओं में उपस्थिति, पाठ्यक्रम एवं अन्य अनुषांगिक कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं एवं छात्र / छात्रायें अगले मुख्य व्यवसायिंक परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह हैं, सिवाय इसके कि उनके स्क्रूटिनी / चुनौती मूल्यांकन / पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं हुआ है। उक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर छात्र / छात्राओं को अस्थाई तौर पर अगले मुख्य व्यवसायिक परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा इस शर्त के साथ अनुमति प्रदान कर दिया जायेगा कि इस मुख्य व्यवसायिक परीक्षा का परिणाम तभी घोषित किया जायेगा, जब छात्र / छात्राएं अपने पूर्व के स्क्रूटिनी / चुनौती मूल्यांकन / पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किये जायेगें। उक्त मुख्य व्यवसासियंक का परीक्षा परिणाम पाठ्यक्रम के नियत्रंक परिषद के अथवा विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्सम्बंधी निर्गत आदेश के अध्यधीन होगा।

(डा0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्राचार्य / प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय ।
2. समस्त अधिकारीगण / प्रभारी, कूट प्रकोष्ठ।
3. सिस्टम मैनेजर, कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराने के साथ ही परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फार्म जमा करने हेतु कालेज लॉगिन खोलने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. वैय० सहायक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक